newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - २२ | १९ से २५ जून २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## नकली बंदूक दिखाकर इस्लाम कबूल करवाने वाले को पुलिस ने धरधबोचा

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : नाबालिग के साथ छेडछाड.करने और नकली बंदूक दिखा कर इस्लाम काबुल करो नहीं तो गोली मार दूंगा के आरोप में दो युवको को गिरफ्तार किया गया. भायंदर पुलिस ने मुनव्वर मंसूरी (२०) और अजीम मंसूरी (१८) दोनों पर छेडछाड.की धारा ३५४, ३५४ (ए) ५०६ और पॉक्सो एक्ट की धारा ८, १२ के तहत मामला दर्ज किया है। भायंदर नाबालिग लडक़ी के साथ छेडख़ानी करने और उसे नकली पिस्टल दिखाकर इस्लाम कबूल करने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है. भायंदर पुलिस ने लडक़ी की मां की शिकायत के आधार पर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पीडित़ लडक़ी १३ साल की है और भायंदर में रहती है। पिछले कई दिनों से दो युवक मुनव्वर मंसूरी और अजीम मंसूरी उस के साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। उसकी मां ने शिकायत की है कि मुनव्वर मंसूरी (२०) उसे १२ जून की रात करीब साढे.आठ बजे इमारत की



टेरेस पर ले गया और उसके साथ छेडछाड.किया। इसके बाद उसने लडक़ी को बुर्का, चेन और अंगूठी दी और बुर्का पहनकर तैयार रहने को कहा। उसने लडक़ी से कहा कि वह बुर्का पहनकर नीचे आए और दोनों भागकर शादी कर लेंगे। लेकिन पीडित़ा ने उसे मना कर दिया। इसके बाद मुनव्वर ने पीडित़ लडक़ी को नकली पीस्तोल दिखाकर धमकाया कि अगर उसने बुर्का नहीं पहनी और इस्लाम कबूल नहीं किया तो वह उसे गोली मार देगा, ऐसा लडक़ी की माँ ने एफआईआर में लिखवाया है। पीडित़ लडक़ी द्वारा घटना के बारे में अपनी मां को बताने के बाद भायंदर पुलिस ने मुनव्वर मंसूरी (२०) और अजीम मंसूरी (१८) पर छेडछाड. की धारा ३५४, ३५४ (ए) ५०६ और पॉक्सो एक्ट की धारा ८, १२ के तहत मामला दर्ज किया है। हमने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया और अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच पडत़ाल चल रही है।

सं पा द की य



संपादक सीमा गुप्ता

## डिजिटल के द्वारा धोखाधडी का जाल

आधुनिक तकनीकी के दौर में आम लोगों की यह स्वाभाविक उम्मीद है कि उनके रोजमर्रा के कामकाज में सुविधा हो, लेकिन साथ ही उसमें कोई नुकसान न हो। लेकिन सच यह है कि जैसे-जैसे तकनीक पर लोगों की निर्भरता बढ़ रही है, उसमें कुछ नए तरह के जोखिम पैदा हो रहे हैं। खासतौर पर आर्थिक गतिविधियों या लेनदेन के मामले में बहुत सारे लोगों ने इंटरनेट या डिजिटल माध्यम का चुनाव उत्साह से इसलिए किया कि सुविधा और पारदर्शिता के साथ सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। मगर हकीकत यह है कि साइबर तंत्र के विस्तार के समांतर लोग इसके खतरों का भी सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट २०२२-२३ में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं और इसके तहत सबसे ज्यादा ठगी का निशाना डिजिटल लेनदेन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक इस वित्त वर्ष में धोखाधड़ी के तेरह हजार पांच सौ तीस मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा हैं। इसमें ऋण, कार्ड और इंटरनेट श्रेणी में सबसे ज्यादा ठगी की रिपोर्ट हुई। वित्त वर्ष २०२१-२२ में धोखाधड़ी के कुल नौ हजार सत्तानबे मामले सामने आए थे। हालांकि इसमें शामिल राशि में इस साल कमी आई है। दरअसल, इंटरनेट के विस्तार के साथ इससे जुड़ी सुविधाएं भी तेजी से लोगों के जीवन में अपनी जगह बनाती जा रही हैं। आज देश का एक खासा हिस्सा जरूरी खरीदारी से लेकर लेनदेन तक के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग कर रहा है। समस्या यह है कि लेनदेन या खरीदारी का यह जरिया जितना सुविधाजनक है, उतना ही संवेदनशील भी है। अगर इसका उपयोग करने में कोई चूक या लापरवाही होती है तो एक झटके में बड़ा नुकसान हो जाता है। इसी तरह, अगर कोई ठग किसी व्यक्ति को बातों में फंसा कर उससे आर्थिक लेनदेन से संबंधित कुछ संवेदनशील ब्योरे हासिल कर ले तो बैंक खाते से पैसे एक पल में गायब हो जाते हैं। पुराने दौर की परंपरागत ठगी के बाद अब डिजिटल माध्यम में भी जाल फैला कर धोखाधड़ी करने वालों ने एक नई समस्या खड़ी कर दी है। सरकार की ओर से इस तरह के अपराध के संजाल से बचाव के लिए सुरक्षा तंत्र बनाने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन इस पर ठोस तरीके से रोक लगाना मुमकिन नहीं हो पाया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में एक अहम पहलू यह उभर कर सामने आया है कि पिछले तीन साल में निजी बैंकों ने सबसे ज्यादा धोखाधड़ी की सूचना दी है.

## कई योजनाओं को लेकर पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने आयुक्त पर उठाए सवाल

### प्रशासन थमा रहा है जनता को लॉलीपॉप

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर! मौरा भायंदर महानगरपालिका में नगरसेवको का कार्यकाल मोनों पूर्व समाप्त हो गया है तथा अब तक चुनाव नहीं होने से शहर में आयुक्त प्रशासक ही काम देख रहे है लेकिन पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने तो प्रशासकीय काम काज पर ही सवाल खडे.कर दिए गए। नरेंद्र मेहता ने एक पत्रकार परिषद के दौरान आरोप लगाया कि शहर में कलस्टर को लेकर २४ झोन बनाकर नक्शा प्रसिद्ध किया है यह जनता के साथ धोखा है इस योजना से नागरिकों को तो कोई फायदा नहीं होगा बल्कि ऐसा लगता है इसके माध्यम से विकासको को आर्थिक लाभ पहुंचाने की रणनीति तैयार की जा रही है। कलस्टर योजना को लेकर पालिका पूर्व में ही करोडों रुपए खर्च कर चुकी है जबकि अब वापस १० करोड. २० लाख की निविदा



निकाली गई है इससे जनता को कोई फायदा नहीं होगा बल्कि एक तरह से जनता को धोखे में रखा जा रहा है उन्होंने कहा की एक धोखादायक बिल्डिंग को खाली करवाने में इतना समय लग जाता है तो फिर इतनी सारी बिल्डिंगों पर मनपा कैसे कार्यवाही करेगी. मेहता ने यहां तक कहा कि कलस्टर योजना लागू होते ही शहर वासियों के लिये काला दिवस होगा। आगे मीरा भायंदर महानगरपालिका द्वारा शहर में बनाए जाने वाले महाराणा प्रताप भवन को लेकर उन्होंने प्रशासन को आडे.हाथों लेते हुए कहा की एक छोटी सी जगह में महाराणा प्रताप भवन उभारना वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप मान नहीं अपमान है उदाहरणतया वन बेडरूम रोल किचन जैसे स्थान पर करीब एक करोड.२५ लाख रुपए खर्च कर इतने बडे.वीर पुरुष का भवन अर्थात महाराणा का अपमान तो है ही बल्कि इसमें घोटाले की भी बू आ रही है. इसके अतिरिक्त शहर में बनने जा रहे अनेक समाज भवन को लेकर भी मेहता ने आपत्ति उठाते हुए कहा है की जनता के पैसों से बनने वाले भवन सभी के लिए है लेकिन प्रशासन खुद़ ऐसे कार्यक्रमों को बढावा देकर विटनेस बन रहा है इससे जातिवाद को बढावा मिलेगा नरेंद्र मेहता इस विषय को लेकर मनपा आयुक्त से भी मिले तथा उन्हें पत्र सौप कर उचित निर्णय की अपील की । इस अवसर पर पूर्व महापौर डिंपल मेहता पूर्व उप महापौर हसमुख गहलोत पूर्व सभागृह नेता प्रशांत दलवी, धुक्कीशोर पाटिल मदनसिंग भगवती शर्मा भी उपस्थित थे।

## मनपा के परिवहन विभाग ने भी रखा बांग्लादेश नाम का बस स्टॉप

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. पाकिस्तान के विभाजन के बाद 'बांग्लादेश' अस्तित्व में आया था, जिसे सभी भलीभांति जानते हैं, लेकिन मीरा-भायंदर शहर में भी एक 'बांग्लादेश' है. यह हम नहीं कह रहे बल्कि सरकारी दस्तावेज भी इसकी पुष्ठि करते हैं. यह बांग्लादेश भायंदर पश्चिम के चौक गांव के पास स्थित है, जहां के




नागरिकों के आधार कार्ड, एमबीएमसी के टैक्स बिल पर बांग्लादेश का उल्लेख तो है ही साथ में मनपा के परिवहन विभाग ने भी बांग्लादेश नाम का बस स्टॉप बना कर इस पर मुहर लगा दी है, जबकि इस परिसर को इंदिरा नगर के नाम

शेष पृष्ठ २ पर

## पद्मश्री डॉ. सोमा घोष ने सुरीले आवाज से जनता का दिल जीता

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : पद्मश्री डॉ. सोमा घोष ने रविवार को शाम को बांद्रा स्थित रंगशारदा नाट्यगृह में संगीत की ऐसी महफिल सजाई जहां उन्होंने अपनी मखमली और दिल को छू लेने आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. बनारस घराने से ताल्लुक रखने वाली और स्वर्गीय उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की मानस पुत्री के रूप में पहचानी जाने वाली सोमा ने यहां कई लुभावने गीतों के साथ यहां समां बांधा. खास बात ये रही कि श्रोताओं को यहां भारत की पारंपरिक शास्त्रीय संगीत की अद्भुत झलक देखने को मिली. हाल ही में सोमा ने बताया था कि अपने परंपरा बैंड के साथ वें भारतीय संगीत की विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयत्न कर रही हैं ताकि आज की युवा पीढ़ी को असली और सही संगीत का जीता- जागता उदाहरण देखने को मिले.





इस समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व गृहमंत्री कृपाशंकर सिंह, विधायक अतुल भातखलकर, बीजेपी महाराष्ट्र के प्रवक्ता विनोद शेलार समेत अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित तक. इस कार्यक्रम में आधुकनिक व लुप्तप्राय वाद्ययंत्रों के साथ बेहद संगीतमय शाम सजाई गई जिसके दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया. यहां इलेक्ट्रिक गिटार, सैक्सोफोन, साइड रिदम और पियानो के अलावा सितार, खोल, शहनाई, रबाब, सारंगी, तबला और घटम जैसे वाद्ययंत्रों को 'परंपरा' बैंड के मंझे हुए संगीतकारों ने प्रस्तुत किया. इसी के साथ मंच पर डॉ. सोमा घोष के संग गायिका शम्पाली बनर्जी, आकांशा सिन्हा, प्रियंका मरोरिया और मीनाश्री चौबे ने परफॉर्म किया. इस समारोह के मंच पर सोमा घोष को उनके कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए राज्यपाल रमेश बैस ने कहा, 'संगीत की कोई सीमा, जात या धर्म नहीं होती. जिस प्रकार अपनी अविश्वसनीय गायकी से तानसेन दीया प्रज्वलित कर देते थे, कुछ उसी प्रकार से आज डॉ. सोमा घोष ने अपनी आवाज वे सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया.' गौरतलब है कि कार्यक्रम के दौरान मुंबई में बरसात ने भी दस्तक दी और ऐसे में सोमा घोष ने चुटकी लेते हुए कहा, 'तानसेन की तरह दीप प्रज्वलन तो नहीं लेकिन हमारी गायकी से बरसात हो पड़ी है तो इतना तो बनता है क्योंकि हमने इस कार्यक्रम के लिए काफी मेहमत की है.' बात दें कि इस कार्यक्रम के लिये विशेष रूप से उज्जैन से नृत्यांगनाओं ने भी अपनी दमदार परफॉर्मेंस से सभी को मोहित किया. कार्यक्रम की शुरुआत शिव वंदना से हुई जिसके बाद घोष ने नौशाद, मेहंदी हसन समेत कई प्रसिद्ध संगीतकारों के गीतों को प्रस्तुत किया. यहां उन्होंने हमरी अटरिया पे, फासले ऐसे भी होंगे, इश्क की मार बड़ी दर्दीली समेत कई हिट और लोकप्रिय गीतों पर परफॉर्म किया.

## उत्तन से काशिमीरा तक अवैध बांधकाम की भरमार




मीरारोड : सर्वे नंबर ७९ का वन मांडवी पाडा साडी कंपनी के लाइन में आयुक्त ने तोडा था पतरे की रूम थी रातो रात अवैध बांधकाम करके विकासक ने पक्की रूम में बांधी बाढ.से पथरा लगाया क्या आयुक्त महोदय फिर से तोडे़गे अवैध रूम में जनता टूटा हुआ देखना चाहती है शिकायत विधायक प्रताप सरनाईक से भी कि गई है लोगों ने कहा कि ईमानदार आयुक्त इसे तोडे.गए हमें पूरा विश्वास है आयुक्त महोदय अवैध बनाई गई रूम को तोडक़र दूध का दूध पानी का पानी करेंगे जनता को टूटी हुई रूम में देखने को मिलेगी ऐसी जनता में चर्चा जोरों पर चल रही है.

## पुनम सागर में श्मशान रोड पर बी स्ट्रांक फिटनेस जीम के अवैध निर्माण पर कब होगी कारवाई




मिरारोड : पुनम सागर में श्मशान रोड पर बी स्ट्रांक फिटनेस जीम के विकास वने जो वाढीव बांधकाम किया है इस पर आज तक तोडक कारवाई नहीं हुई है. गरीबों के झोपडे तोडनेवाले मनपा आयुक्त दिलीप ढोले बंद आंखे खोले और जीम के अवैध निर्माण पर तोडक कारवाई करें. और एमआरटीपी अॅक्ट के तहत गुन्हा दाखल करे ऐसी जनता की मांग है. कब होगी तोडक कारवाइ आयुक्त जनता देखना चाहती है.

# मुंबई में स्कूल की प्रार्थना के दौरान बजाई अजान, माता-पिता ने किया विरोध, शिक्षक निलंबित

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : मुंबई के कांदिवली में सुबह के स्कूल प्रार्थना के दौरान अजान बजाने का मामला सामने आया है। इसके खिलाफ शुक्रवार को राजनीतिक कार्यकताओं और छात्रों के माता-पिता ने कपोल इंटरनेशनल स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि अजान बजाने के लिए जिम्मेदार शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है । वहीं, पुलिस ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं, हालांकि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। अजान बजाने की सूचना छात्रों ने घर आकर अपने माता-पिता को दी। इसके बाद अभिभावकों ने स्कूल जाकर प्रदर्शन किया। स्कूल परिसर में अभिभावक और शिवसेना कार्यकर्ता एकत्र हो गए और जोरदार नारेबाजी की कुछ अभिभावकों ने कहा कि स्कूल की प्रार्थना के दौरान सुबह करीब सात बजे लाउडस्पीकर पर अजान बजाई गई। स्थानीय भाजपा विधायक योगेश सागर भी विरोध में शामिल हुए। उन्होंने दावा किया कि यह जानबूझकर किया गया था और गलती से नहीं, और स्कूल जिम्मेदार शिक्षक को बचाने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद, स्कूल के प्राचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। प्रिंसिपल ने कहा कि हम वादा करते हैं कि आगे से ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में सरस्वती पूजा, गणपति पूजा और नवरात्रि पूजा भी आयोजित की जाती है। पुलिस उपायुक्त अजय कुमार बंसल ने कहा कि कांदिवली में आज एक शिकायत मिली कि एक स्कूल में सुबह की नमाज के दौरान अजान बजाई गई। इसकी जांच की जा रही है।

**ठाणे महानगरपालिका, ठाणे**

आपत्ती व्यवस्थापन विभाग

जाहीर आवाहन

"इमारतींच्या टेरेसवरील / बाल्कनीला बसविण्यात आलेल्या पत्राशेडबाबत"

ठाणे महानगरपालिका क्षेत्रातील काही इमारतींवर पावसाच्या पाण्याचे संरक्षणार्थ अथवा इमारतीच्या संरक्षणार्थ पत्रा शेड उभारण्यात येते. यातील काही पत्राशेड या बऱ्याच कालावधीपूर्वी उभारल्याचे निदर्शनास आले आहे. या व अशा शेडवर मान्सून कालावधीमध्ये अतिवृष्टी व वादळी वाऱ्यामुळे उभारण्यात आलेल्या पत्राशेड उडणे / शेडचा काही भाग कोसळणे व त्यामुळे जिवित वा वित्तीहानी होण्याच्या घटना घडण्याची शक्यता असते. यामुळे ठाणे महानगरपालिका क्षेत्रातील ज्या इमारतींवर अशा पत्राशेड उभारण्यात आल्या असतील, अशा इमारतींवरील पत्रा शेडबाबत तपासणी करुन पत्रा किंवा त्याचा भाग उडणार नाही, यासाठी मजबूतीकरण करणेबाबत संबंधीत इमारत धारकाकडून तपासणी करण्यात यावी. जेणेकरुन भविष्यात अशा पत्राशेड अथवा त्याचा भाग उडून जिवित वा वित्तहानी होणार नाही, याची दक्षता घ्यावी. या संदर्भात संबंधितांनी उपाययोजना न केल्यास / खबरदारी न घेतल्यास व पत्रा उडून अथवा इतर नुसार दुर्घटना झाल्यास संबंधित मालमत्ताधारक / गृहनिर्माण संस्था जबाबदार असतील, याची नोंद घ्यावी.

ठामपा/पिआरओ/आपत्ती/ २८०/ २०२३-२४ **सही/-**

दि:१६.०६.२०२४ उपआयुक्त

**pls visit our official web-site** आपत्ती व्यवस्थापन कक्ष

**www.thanecity.gov.in** ठाणे महानगरपालिका,ठाणे

**महापालिकेचा मालमत्ता कर Google pay, PhonePe, Paytm, Bhim App द्वारे जमा करण्याची सुविधा उपलब्ध**




# जंजीरे धारावी किले पर लगेगी ऐतिहासिक तोपें

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मुंबई महानगर पालिका की हद में मनोरी गांव(बोरीवली) में जमीन के नीचे दबी दोनों ऐतिहासिक तोपें निकालकर जंजीरे धारावी किला पर लगाई जाएंगी।इसके लिए पुरातत्व व वस्तु संग्रहालय विभाग निदेशालय(रत्नागिरी )ने हरी झंडी दे दी है। किले के संवर्धन व जतन में लगे पूर्व नगरसेवक रोहित सुवर्णा ने बताया कि साहित्यकार सुरेश पाटिल की पुस्तक से उन्हें इन तोपों के बारे में पता चला।धारावी किला जतन समिति के अध्यक्ष श्रेयश सावंत व मयूर ठाकुर को साथ लेकर हमने मनोरी में कारंजा देवी मंदिर के पास तोपों को तलाश लिया।मालूम हो,धारावी से मनोरी की दूरी तकरीबन ११ किलोमीटर है। सुवर्णा ने बताया कि पिछले दिनों किले के अवशेषों का माप और मिट्टी का नमूना लेने आई पुरातत्व विभाग की टीम को हमने इन तोपों से अवगत कराया।पुरातत्व विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण भी किए थे। सुवर्णा ने बताया कि जनवरी २०२२ में हमने पुरातत्व विभाग को पत्र देकर दोनों तोपों को किला पर लगाने मांग की थी।मीरा भायंदर मनपा ने भी हमारी मांग के समर्थन में पत्र दिया था।निरीक्षण के दौरान पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने अंदेशा जताया था कि तोपें १२५ से २०० साल पुरानी और संभवत :फ्रांस में बनी हो सकती हैं। सुवर्णा ने बताया कि तोपों में पहिए नही है।पुरातत्व विभाग ने पहिए लगाने की अनुमति भी मीरा भायंदर मनपा को दी है।हालांकि पहिए की डिजाइन वही तैयार करेगा।जंजीरे धारावी किला पुर्तगीजकालीन है।बाजीराव पेशवा के छोटे भाई चिमाजी अप्पा ने सन १७३८ में पुर्तगीजों को हराकर किला जीता था। मौजूदा समय में किला का अवशेष ही रह गया है।











# कंपाउंडर बने सुरक्षा गार्ड! लगा रहे मरीजों को इंजेक्शन

मुंबई : महाराष्ट्र में जब से ईडी सरकार का शासन शुरू हुआ है, तब से ही सभी विभागों के कामकाज के तरीके गड़बड़ा गए हैं। इस फेहरिस्त में स्वास्थ्य विभाग भी शामिल है। कुछ ऐसा ही मामला लातूर के सरकारी अस्पताल में सामने आया है, जहां सुरक्षा रक्षक एक मरीज को इंजेक्शन और सलाइन लगा रहा है, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। साथ ही तत्काल तीन सदस्यीय समिति गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, एक हादसे में लातूर जिले के रेणापुर तालुका स्थित वाला गांव निवासी शब्बीर शेख घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए लातूर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में लाया गया। घायल की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने जांच करने के बाद उन्हें वॉर्ड नंबर २७ में भर्ती कर लिया था। साथ ही मौके पर मौजूद डॉक्टर ने नर्स को सलाइन और एक इंजेक्शन लगाने का निर्देश दिया। लेकिन नर्स ने सुरक्षा रक्षक को सलाइन और इंजेक्शन लगाने के लिए कहा। इस बीच जब सुरक्षा रक्षक घायल मरीज को सलाइन और इंजेक्शन लगा रहा था तो परिजनों ने इसका विरोध किया। हालांकि, परिजनों के इस विरोध को सुरक्षा रक्षक ने अनसुना कर अपना काम जारी रखा। इसकी शिकायत मरीज के परिजनों ने डॉक्टर से की। इसके बाद डॉक्टर ने आकर इलाज किया और नर्स और सुरक्षा रक्षक को जमकर फटकार लगाई। इसका वीडियो वायरल होते ही अस्पताल की लापरवाही उजागर हो गई।







# मालवाणी पुलिस के हत्थे चढ़ा सरगना

मुंबई : गर्मी की छुट्टियों में घर बंद कर गांव जानेवालों के घरों का ताला तोड़कर डकैती डालने वाले गिरोह के सरगना को मालवणी पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। डकैती डालने से पहले आरोपी पेंटर बनकर घरों की रेकी करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी पर १८ से अधिक मामले दर्ज हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से मालवणी पुलिस के सामने प्रतिदिन सुबह १० बजे से लेकर दोपहर १ बजे तक शिकायतों अंबार लग जाता था, सबकी एक ही शिकायत थी कि उनके घर का ताला तोड़कर डाका डाला गया है। लगातार मिल रही शिकायतों से पुलिस परेशान हो गई थी।

# मनपा के परिवहन विभाग ने भी रखा बांग्लादेश नाम का बस स्टॉप

पृष्ठ १ का शेष

से जाना जाता है. भायंदर पश्चिम के उत्तन समुद्र किनारे के आसपास के परिसर में मछुआरे समाज के लोग रहते हैं. समुद्र में मछली पकडऩे के लिए जाने वाले नाव पर मजदूर के रूप में अधिकांशत: पूर्वी-पश्चिमी बंगाल के मजदूर कार्य करते हैं, जो मराठवाडा से स्थानांतरित होकर रोजी-रोटी की तलाश में आए हुए हैं ये मजदूर जहां रहते हैं उस परिसर का नाम इंदिरा नगर है, लेकिन बोलचाल की भाषा में स्थानीय लोग इस परिसर को बांग्लादेश के रूप में संबोधित करने लगे हैं, लेकिन सरकारी दस्तावेजों, आधार कार्ड, टैक्स बिल और बस स्टॉप पर भी बांग्लादेश का उल्लेख कर इसे अधिकृत नाम के रूप में पहचान दे दी गई है, जिससे स्थानीय भूमिपुत्रों और नागरिकों में रोष दिखाई दे रहा है. इस परिसर के स्थानीय पूर्व नगरसेवक जोर्जी गोविंद, शर्मिला बगाजी, स्थानीय रहिवासी शॉन लियो कोलासो आदि ने इस पर गहरी आपत्ति दर्शाई है और इस परिसर का मूल नाम इंदिरानगर का उल्लेख सरकारी दस्तावेजों और बस स्टॉप पर अंकित करने की मांग मनपा प्रशासन से की है. उनका कहना है कि मूल भारतीय लोगों के रिहायशी परिसर को बांग्लादेश के नाम से उल्लेख करना गलत है. विरोध के बाद मनपा के परिवहन विभाग ने बस स्टॉप से बांग्लादेश का नाम हटाने का आश्वासन दिया है.





















# राज्य पुलिस बल में ४४९ पुलिस निरीक्षकों का स्थानांतरण

**जेकेएस संवाददाता**

ठाणे: राज्य में पुलिस बल में बडा फेरबदल किया गया है। जून माह में शुरू हुए वरिष्ट पुलिस अधिकारियों व निरीक्षकों के प्रोन्नति व तबादले के बाद गृह विभाग ने प्रदेश में एक बार फिर ४४९ पुलिस निरीक्षकों के तबादले के आदेश जारी किए हैं. इस आदेश के अनुसार राज्य पुलिस बल में कार्यरत ४४९ पुलिस निरीक्षकों का तबादला किया गया है. पुलिस निरीक्षकों के इन तबादलों में ३३६ स्थानान्तरण अनुरोध पर तथा ११३ स्थानान्तरण राज्य सरकार की ओर से किये गये हैं। २८ वरिष्ट पुलिस निरीक्षकों का प्रमोशन इसी माह में जून की शुरूआत में राज्य के पदोन्त किया गया था. तो मुंबई पुलिस के छह सहायक पुलिस आयुक्त का तबादला कर दिया गया है। मुंबई शहर के ६५ थानों के वरिष्ट पुलिस निरीक्षकों का भी तबादला किया गया ।कोर्ट के आदेश का उल्लंघन न करें राज्य के गृह विभाग ने इस स्थानांतरण आदेश की प्रति संबंधित पुलिस अधिकारी को तत्काल जारी करने का आदेश दिया है. हालांकि आदेश में इस बात का ध्यान रखा गया है कि उन्हें तुरंत कार्यमुक्त करते समय अदालत या महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण के आदेश का उल्लंघन न हो. आदेश में यह भी कहा गया है कि स्थानापन्न आदेश के तहत अनुपस्थित रहने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए.

# नाला सफाई पर मनपा के खोखले दावे :अब भी जाम हैं कई नाले !



मुंबई : मनपा ने इस वर्ष मॉनसून से पहले नालों की सफाई को लेकर समय से पहले टारगेट पूरा करने का दावा किया है। मनपा के अनुसार, अब तक १०६ प्रतिशत नालों की सफाई की गई है। पूर्व नगरसेवकों ने मनपा के दावे को झूठा बताते हुए कहा कि नालों की सफाई सिर्फ कागजों पर हुई है, वास्तव में नाले आज भी कचरे से भरे हुए हैं। पूर्व नगरसेवकों के आरोप अब सही साबित हो रहे हैं। वडाला, कुर्ला, कांजुरमार्ग, सांताक्रुज जैसे कई ठिकानों पर नालों में कचरे अब भी जमा है। मॉनसून में भारी बारिश के दौरान यहां बाढ़ आने की संभावना है। संगमनगर झोपड़पट्टी इलाकों में छोटे-छोटे नालों की सफाई नहीं की गई है। उसी प्रकार से कुर्ला-पूर्व में नेहरू नगर के पास से गुजरने वाले नाले की सफाई अधूरी है। मनपा ने वहां कीचड़ जरूर निकाली हैं लेकिन अब भी उस नाले में कचरा भरा दिख रहा है। मानखुर्द और गोवंडी के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे से गुजरनेवाले नाले के आसपास के लोगों से जब पूछा गया कि वहां कचरा कब साफ किया गया तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। यही हाल सांताक्रुज के वाकोला नाले का है। वाकोला के पास तो उसकी सफाई हुई है लेकिन यूनिवर्सिटी की तरफ बढ़ेंगे तो कचरा से भरा नाला दिखाई देता है। बता दें कि मॉनसून से पहले मनपा नालों की सफाई करती है। इसके लिए भारी-भरकम बजट भी तय किया गया है। पिछले साल १६४ करोड़ रुपए का बजट था लेकिन इस वर्ष मनपा ने २२६ करोड़ रुपए का बजट खर्च किया है। उसके बाद भी नालों की दशा में कोई बहुत अधिक सुधार नहीं दिख रहा है। टारगेट के अनुसार, नालों से ९ लाख ८० मैट्रिक टन कीचड़ निकाला जा चुका है, जबकि मुंबई में बहुत से नालों की सफाई नहीं हुई है। अब सवाल उठता है कि झूठे दावे मनपा क्यों कर रही है? मनपा को खुद की पीठ थपथपाने की इतनी जल्दबाजी क्यों है? पूरे मुंबई शहर में लगभग २ हजार किमी की सड़क के किनारे की नालियां हैं। भूमिगत और बड़े नाले ४४० किमी हैं। इसी वर्ष ६ मार्च २०२३ को नाला सफाई का काम शुरू किया गया था। काम पूरा करने की डेडलाइन ३१ मई २०२३ तय की गई थी। लेकिन २५ तारीख को ही मनपा ने काम पूरा होने की घोषणा कर दी। इस काम में कचरा वाहन ने ५१ हजार ४९० फेरे लगाए हैं।

# ३० साल बाद हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**



लोनावला : एक दंपति की हत्या करने के बाद ३० साल तक छिपे रहने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने विक्रोली से गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम अविनाश पवार (४९) है और वह अमित पवार के नाम से रह रहा था। मर्डर के बाद उसने कई शहर बदले, अपनी पहचान छुपाई, फिर कभी लोनावाला में पैर नहीं रखा, इसलिए अविनाश को अंदाजा नहीं था कि इतने सालों बाद पुलिस उसके पास पहुंच जाएगी. लोनावला में सत्यम सोसाइटी के यशोदा बंगले में रहने वाले धनराज कुर्वा (५५) और उनकी पत्नी धनलक्ष्मी की १९९३ में लूट के इरादे से तीन लोगों ने हत्या कर दी थी। इस मामले में लोनावला पुलिस ने अमोल काले और विजय देसाई को गिरफ्तार किया था, लेकिन अविनाश पवार फरार चल रहा था. पुलिस ने तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसी बीच यूनिट ९ के प्रभारी पुलिस निरीक्षक दया नायक को सूचना मिली कि अविनाश ने अपना नाम और पहचान बदल ली है और वह मुंबई के विक्रोली इलाके में रह रहा है. अपराध शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त लखमी गौतम और उपायुक्त राज तिलक रौशन के मार्गदर्शन में यूनिट ९ की एक टीम ने अविनाश की गतिविधियों पर नजर रखी. जानकारी के बाद अविनाश के पुराने फोटो व अन्य सामान खंगालने के बाद पुलिस ने अविनाश को हिरासत में लिया क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया और जांच की गई, तो उसने अपना नाम अविनाश भीमराव पवार बताया और लोनावला पुलिस स्टेशन जी. आर. संख्या ८० / १९९३ कांड में अपनी भूमिका स्वीकार की अविनाश को कुरवा दंपत्ति अपने बेटे की तरह मानते थे। लेकिन उसने उनके भरोसे को तोडा और दोनों की मदद से लूटपाट करने के लिए घर में घुस गया और उनकी हत्या कर दी। धनराज और धनलक्ष्मी की हत्या करने के बाद, अविनाश अन्य आरोपियों के साथ शिरडी में जाकर छिप गया। उसके बाद अविनाश ने लोनावाला कभी नहीं लौटने का फैसला किया। वह दिल्ली, कसारा, अहमदनगर और बाद में मुंबई में बस गए। वह गैरेज, होटल और कभी-कभी ड्राइवर के रुप में काम करता था. अविनाश ने १९९९ में विक्रोली में प्रमिला से शादी की। प्रमिला एक प्रमुख राजनीतिक दल में सक्रिय हैं और विक्रोली इलाके में पदाधिकारी हैं। बताया जाता है कि अविनाश की गिरफ्तारी के बाद ही प्रमिला को पता चला की हत्या में उसके पती भी शामिल थे.

# अयोध्या पोल पर स्याही फेंक ! सांसद राजन विचारे ने बताया सोची-समझी साजिश

**जेकेएस संवाददाता**



ठाणे : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष की राज्य सोशल मीडिया समन्वयक कुमारी अयोध्या पोल के ऊपर स्याही फेंकने और मारपीट को लेकर ठाणे की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। सांसद राजन विचारे के मुताबिक, अयोध्या पोल को जानबूझकर वहां बुलाया गया और उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार किया गया। कलवा पुलिस ने मामला दर्ज कर दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि ठाणे के सांसद राजन विचारे ने इस घटना को सोची-समझी साजिश बताया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विचारे ने आरोप लगाया कि राज्य में सिर्फ झूठे मामले दर्ज हो रहे हैं। पिछले एक साल में शिवसेना के पदाधिकारियों के साथ मारपीट और उन पर हमले की कई घटना हुई, लेकिन ठाणे पुलिस ने एक भी मामला दर्ज करने की हिम्मत नहीं दिखाई। अयोध्या पोल के साथ पुलिस स्टेशन परिसर में मारपीट किए जाने को लेकर विचारे ने आश्चर्य जताया। विचारे ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सिर्फ हिंसा की राजनीति कर रहे हैं। उनके गृह क्षेत्र ठाणे शहर में कानून-व्यवस्था नहीं बची है, पुलिस तमाशबीन की भूमिका में है। जनता सब देख रही है और चुनाव में सही पैंसला करेगी। शिवसेना ठाणे जिलाप्रमुख केदार दिघे ने भी घटना पर खेद जताते हुए कहा कि यह सब एक षड्यंत्र के तहत हो रहा है, वहीं कलवा पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पोल ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि उक्त कार्यक्रम शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष का नहीं था और जयंती के निमित्त कार्यक्रम का बहाना कर प्लानिंग के तहत उन्हें आमंत्रित किया गया था। पुलिस के अनुसार, कलवा के जय भीमनगर में अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य पर विनम्र अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और उसमें बतौर मुख्य अतिथि पोल को बुलाया गया था। कार्यक्रम में महापुरुषों की फोटो को फूल-माला पहनाने के दौरान विवाद हुआ और उसी समय पोल के शरीर और चेहरे पर स्याही फेंकी गई और मारपीट की गई। एपीआई शिरसाट मामले की छानबीन कर रहे हैं।

# सोती रही केंद्र सरकार : गायब हो गए अरबों रुपए के ५०० के नोट !



मुंबई : देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचानेवाली एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर ये है कि आरबीआई द्वारा छापे गए ८,८१०.६५ मिलियन नोटों में १७६ करोड़ नोट रहस्यमयी ढंग से लापता हो गए। आरबीआई द्वारा भेजे गए उक्त नोट परिवहन के दौरान बीच रास्ते से ही गायब हो गए। ऐसा दावा महाराष्ट्र में प्रतिपक्ष के नेता अजीत पवार ने आरटीआई के जरिए हुए एक सनसनीखेज खुलासे के आधार पर किया है। लगभग ८८ हजार करोड़ रुपए मूल्य वाले ५०० रुपए के इन १७६ करोड़ नोटों के खोने की उक्त घटना दुनिया में हाइवे पर हुई सबसे बड़ी लूट बताई जा रही है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने ५०० रुपए के ८,८१०.६५ मिलियन नोट छापे थे लेकिन बैंकों को सिर्फ ७,२६० मिलियन नोट ही मिले। बताया जा रहा है कि सरकारी टकसाल ने ५०० रुपए के नए नोटों के ८,८१०.६५ मिलियन पीस छापे थे, लेकिन आरबीआई को केवल ७,२६० मिलियन ही मिले हैं। परिवहन के दौरान ५०० रुपए के १,५५० मिलियन से अधिक नोट गायब पाए गए। विपक्ष के नेता अजीत पवार ने आरोप लगाया है कि नासिक, देवास और बंगलुरु में केंद्र सरकार के चलन प्रिंटिंग प्रेस से ५०० रुपए के अरबों के नोट गायब हो गए हैं। २०१६ में नोट पैंक्ट्री में नोट छापे गए लेकिन वे सरकार के खजाने में नहीं पहुंचे, उन्होंने एक अखबार के संदर्भ में आरोप लगाया। छपे हुए नोटों में से ७,२६० करोड़ नोट रिजर्व बैंक के पास पहुंच गए। लिहाजा प्रिंटिंग प्रेस से १७६.१ करोड़ नोट आरबीआई के पास नहीं पहुंचे हैं। गायब हुए ५०० रुपए के सभी नोट नए डिजाइन के हैं। गौरतलब हो कि हिंदुस्थान में नोट, करेंसी नोट प्रेस- नासिक, बैंक नोट प्रेस- देवास और इंडियन रिजर्व बैंक नोट मुद्रांक प्राइवेट लिमिटेड बंगलुरु में छापे जाते हैं। रिजर्व बैंक के जरिए इन नोटों को देश भर में बांटा जाता है लेकिन अजीत पवार ने आरोप लगाया है कि नोट गायब हो गए हैं। इसके बाद ये सवाल उठाए जा रहे हैं कि एक तरफ केंद्र सरकार काले धन का पता लगाने के लिए हाथ-पांव मार रही है। इसके लिए सरकार ने नोटबंदी का अहम पैंसला भी लिया। हाल ही में रिजर्व बैंक ने २००० रुपए के गुलाबी नोट को चलन से हटाने का निर्णय लिया। वहीं दूसरी तरफ प्रिंटिंग प्रेस में छपे अरबों रुपए के ५०० रुपए के नोट रहस्यमयी ढंग से लापता हो गए, इस पर लोग हैरानी जता रहे हैं और सवार पूछ रहे हैं कि आखिर ये नोट कहां गए? इन्हें किसने लूटा? लोग सरकार से इसका खुलासा करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे हैं।

# तालाबों में लगेगा म्यूजिकल फाउंटेन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। म्यूजिकल फाउंटेन(संगीत फव्वारा) का लुफ्त उठाने के लिए मीरा भायंदर के लोगों को देश के दूसरे शहरों या विदेश जाने की जरूरत भविष्य में नहीं पडेगी ।शहर के ४ बडे.तालाबों में म्यूजिकल फाउंटेन लगाए जाएंगे ।इस काम का श्री गणेश हो चुका है ।सौंदर्यीकरण कर चारों तालाबों का चेहरा मोहरा बदला जा रहा है। काशीमीरा के जरीमरी तालाब,भायंदर में गोडदेव तालाब तथा नवघर गांव के दो तालाबों को चुना गया है ।शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने बताया कि तालाब के बीच में म्यूजिकल फाउंटेन लगाया जाएगा। किनारे अच्छा गार्डन, बच्चों को खेलने के लिए ई- गेम,बुजुर्गों और महिलाओं के लिए बैठने की सुविधा होगी। सरनाईक ने बताया कि तालाबों का कीचड.जितना संभव होगा उतना निकाल लिया जाएगा। भविष्य में कीचड.और जल प्रदूषण न बढे,इसके लिए उसके किनारे २०×४० का स्वंत्रत विसर्जन तालाब बनाए जाएंगे। ठाणे के उपवन तालाब घाट की तर्ज पर इन तालाबों पर भी घाट बनाए जाएंगे ।म्यूजिकल फाउंटेन का प्रति दिन २ तथा छुट्टी के दिन ३ शो होगा ।निर्माण करने वाले ठेकेदार को अगले ५ साल तक देखभाल,मरम्मत और संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## मिरा-भाईंदर महानगरपालिका
## प्रभाग समिती क्र. ६

### मालमत्ता हस्तांतरण नोटीस

मिरा-भाईंदर महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग क्र. ६ क्षेत्रातील वार्ड एम, मौजे-काजुपाडा, विभाग चेने वर्सावे येथील **मालमत्ता क्रमांक एम ०३००३९३४८०००/००१** ही मालमत्ता महानगरपालिका **शिडू लक्ष्मण पवार** यांच्या नावावर दप्तरी नोंद आहे. पत्नी या वारस नात्यांने **रंजना शिडू पवार** यांनी महापालिकेकडे अर्ज दि.१५/०५/२०२३ रोजी सादर केला असून मालमत्ता यांच्या नावे करण्याबद्दल मागणी केली आहे. तरी मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम १९४९ प्रकरण ८ मधील कलम १(२) नुसार नावात बदल करणेबाबत वृत्तपत्रात प्रसिद्धी देण्यात येत आहे.

सदर मिळकती बाबतचे वर्णण खालीलप्रमाणे आहे

पूर्व – सिद्धेश बसवराज कुंभार यांचे घर

पश्चिम– मोकळी जागा

दक्षिण – निर्मला विजय धोत्रे यांचे घर

उत्तर - मोकळी जागा

वरील मालमत्ता हस्तांतरणाबाबत कुणाचीही काही तक्रार व हरकत करावयाची झाल्यास १४ दिवसांच्या आत प्रभाग कार्यालय क्र. ०६ येथे कार्यालयीन वेळेत दाखल करावे. मुदतीनंतर आलेल्या तक्रारीचा विचार केला जाणार नाही.

नोटिस बजावणार

**सही/-**
**प्रभाग अधिकारी**
प्रभाग समिती कार्यालय क्र. ६
मिरा-भाईंदर महानगरपालिका

दिनांक : १९/०६/२०२३

## मिरा-भाईंदर महानगरपालिका
## प्रभाग समिती क्र. ६

### मालमत्ता हस्तांतरण नोटीस

मिरा-भाईंदर महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग क्र. ६ क्षेत्रातील वार्ड एम, मौजे-चेने, विभाग चेने वर्सावे येथील **मालमत्ता क्रमांक १) एम ०१००१८०२८०००/१३९, २) एम ०३००२३९२३०००/१** ही मालमत्ता महानगरपालिका **तारानाथ काशिनाथ मालवी** यांच्या नावावर दप्तरी नोंद आहे. मुलगा वारस या नात्यांने **वैभव तारानाथ मालवी** यांनी महापालिकेकडे अर्ज दि.१७/०५/२०२३ रोजी सादर केला असून मालमत्ता यांच्या नावे करण्याबद्दल मागणी केली आहे. तरी मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम १९४९ प्रकरण ८ मधील कलम १(२) नुसार नावात बदल करणेबाबत वृत्तपत्रात प्रसिद्धी देण्यात येत आहे.

सदर मिळकती बाबतचे वर्णण खालीलप्रमाणे आहे

पूर्व – महेश गायकर यांचा पत्राशेड

पश्चिम– मोकळी जागा

दक्षिण – सुकरीबाई रामा वाघमारे यांचे घर

उत्तर - रंजना रमेश पाटील यांचे घर

वरील मालमत्ता हस्तांतरणाबाबत कुणाचीही काही तक्रार व हरकत करावयाची झाल्यास १४ दिवसांच्या आत प्रभाग कार्यालय क्र. ०६ येथे कार्यालयीन वेळेत दाखल करावे. मुदतीनंतर आलेल्या तक्रारीचा विचार केला जाणार नाही.

नोटिस बजावणार

**सही/-**
**प्रभाग अधिकारी**
प्रभाग समिती कार्यालय क्र. ६
मिरा-भाईंदर महानगरपालिका

दिनांक : १९/०६/२०२३

## MIRA BHAINDAR MUNICIPAL CORPORATION

Garden Department
2nd Floor Ward committee No. 04 , Vilasrao Deshmukh Bhavan, Jangid Enclave Kankia, Miraroad (East)
Tal. Dist. Thane 401107 Tel. No., 28103409

Ref. No./MBMC/ Garden/Miraroad/232/2023-24 Date - 15/06/2023

### // Tender Notice //

Mira Bhayander Municipal Corporation Garden Department invites sealed tender form for following work in two envelope system at the day **23/06/2023** up to 1.00 pm. The tender form and other relevant document will be available for download on **https://mahatenders.gov.in** from the date **16/06/2023** to **23/06/2023** till 1.00 pm. The tender shall be opened in the presence of the bidders or their representatives on the day **27/06/2023** at 01.00 Pm at the tender cell of mira Bhayander municipal corporation.

| Sr. no | Name of work | Estimate Cost | Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of tender documents |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply of Red soil and Manure for newly developed Gardens, Play grounds, dividers and White sand for putting under the Play equipments at the Garden in MBMC area. (Period 1 Year) | Rs.50,00,000/- (Rs . Fifty Lack only) | Rs.50,000/- (Rs. Fifty Thousand only) | Rs. 1000+180 (GST)= 1180/- (Rs. One Thousand One Hundred Eighty Only) Non Refundable |

NOTE :-1) Tender form should be submitted through Online System in two envelope
2) Tender form fee not refundable.
3) Hon. Commissioner of Mira Bhayander Municipal Corporation has reserve Right to reject any or all bids, without assigning any reasons.
4) The Period of tender law admissibility is 120 days.

Ref. No. MBMC/PRO/175/2023-24
Date : 15/06/2023

**sd/-**
(Kalpita Pingle0
Dy Commissioner (Garden)
Mira Bhayandar Municipal Corporation

# सनराइज फैमिली एण्ड रेस्टोरेंट में कीड़े मिलने से जनता में आक्रोश

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : हम अपने पसंदीदा रेस्तरां में जाना और पसंदीदा भोजन का आनंद लेना बहुत पसंद करते हैं। हालाँकि, ऐसे कई रेस्तरां हैं जिनसे आपको हर कीमत पर बचना चाहिए! ये रेस्टोरेंट गाइडलाइंस के मुताबिक सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करते हैं और वह दोषी हैं। ट्विटर पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें मीरा रोड के पास काशीमीरा का एक मशहूर रेस्टोरेंट में परोसा गया खाने में किड़े चलते हुए दिखाया गया। एक ट्विटर यूजर ने मीरा रोड इलाके के इस रेस्टोरेंट का वीडियो शेयर किया जिसमें रेस्टोरेंट में परोसा जाने वाला खाना दिखाया गया है। वीडियो में एक डिश का क्लोज-अप दिखाया गया है और आपको उसमें एक कीडा तैरता हुआ दिखाई देगा। वीडियो में रेस्टोरेंट का नाम भी सनराइज फैमिली रेस्टोरेंट बताया गया है। ये रेस्टोरेंट काशीमीरा पुलिस स्टेशन के ठीक सामने है। ग्राहकों को ऐसा भोजन फ़ूड पोइज़निंग के साथ साथ कई अन्य बीमारियों का कारण बन सकता है। यह होटल मालिक के लापरवाह व्यवहार के कारण हुआ है।




रेस्तरां के लिए कानूनों और खाद्य स्वच्छता के दिशा-निर्देशों का पालन न करना ग्राहकों के लिए खतरनाक हो सकता है। पचास सेकंड के इस वीडियो को पोस्ट करने वाले यूजर ने ठाणे ग्रामीण पुलिस के ट्विटर हैंडल को टैग किया है। मीरा रोड पहले ठाणे ग्रामीण पुलिस के अधीन आता था और अब के अधीन है (पर अभी तक उनका ऑफिसियल ट्विटर हैंडल नहीं बना है ) और उनसे इस मामले को देखने को कहा है। इस तरह के व्यवहार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि यह ग्राहकों के लिए हानिकारक होगा। उन्होंने आगे कुछ टिप्पणियों का जवाब दिया है और खुलासा किया है कि उन्होंने इस जगह से पानी की बोतलें खरीदना भी बंद कर दिया है। ट्विटर के साथ साथ व्हाट्सएप्प और फेसबुक पर भी वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। एक ट्विटर यूजर ने कमेंट किया कि अगर खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित जांच करता तो इन चीजों को रोका जा सकता था. एक अन्य उपयोगकर्ता सहमत है और सुझाव देता है कि अधिकारियों को रेस्तरां के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और उनका लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए। एक यूजर ने कमेंट किया कि मीरा भायंदर इलाके में कानूनों की बिल्कुल भी परवाह नहीं है और हर कोई उनकी उपेक्षा करता है। उपयोगकर्ताओं में से एक ने टिप्पणी की कि भारत में खाद्य उद्योग कानूनविहीन और त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने आगे लिखा कि रेस्टोरेंट बहुत सारे नमक और मसालों के साथ स्वादिष्ठ ग्रेवी बनाएगा लेकिन सबसे खराब गुणवत्ता वाले चिकन, सब्जियों और अन्य सामग्री के साथ। हर सब्जी विक्रेता इस बात से सहमत है कि सभी कच्ची और छोडी हुई सब्जियाँ रेस्टोरेंट को सप्लाई की जाती हैं। कुणाल शुक्ल, अमित तिवारी के अलावा रवि मिश्रा, धीरज मिश्रा और फेसबुक पर संजय दुबे जैसे सैकड़ों लोगों ने वीडियो को व्हाट्सएप्प पर भी शेयर किया।

# गीता जैन ने सरकारी अस्पतालों में हो रही लापरवाही के चलते बुलाई बैठक

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : भायंदर पश्चिम के भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल और इंदिरा गांधी अस्पताल को लेकर मीरा भायंदर की विधायक गीता जैन के पास कई शिकायतें आ रही थी. जिसे देखते हुए गीता जैन ने भीमसेन अस्पताल मे एक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में उपस्थित नागरिकों द्वारा उपरोक्त दोनों अस्पतालों के बारे में कई शिकायतें की गयीं और शिकायतों पर विस्तार से चर्चा कर उनका निस्तारण किया गया. इंदिरा अस्पताल से मरीजों को अक्सर पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल भेजा जाता है. अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं होने के कारण मरीज को बिना भर्ती किए या बिना इलाज के वापस भेज दिया जाता है।



नागरिकों द्वारा आपत्ति जताए जाने पर विधायक ने संबंधितों को तत्काल उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई बार मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है. भारतरत्न पंडित भिमसेन जोशी अस्पताल में ३ एंबुलेंस होते हुए भी उसका सही उपयोग ना होते हुए महानगरपालिका की एंबुलेंस का उपयोग किया जाता है. महानगरपालिका की एंबुलेंस में मरीज को ले जाते समय ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं दिया जाता या आधे भरे हुए सिलेंडर से रास्ते में ही ऑक्सीजन खत्म होने का खतरा पैदा हो सकता है. इस पूछे जाने पर विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को अस्पताल की तीन एंबुलेंस का उपयोग करने और एंबुलेंस को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए. विधायक गीता जैन ने कहा कि भारतरत्न पंडित भिमसेन जोशी अस्पताल में कोरोना काल में बंद एमएलसी चेक करने वाली मशीन दोबारा शुरु की जाए. साथ ही विधायक गीता जैन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भायंदर पश्चिम के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान में अनशन पर बैठे व्यक्ति की प्रतिदिन चिकित्सा जांच नगर निगम अस्पताल के बजाय भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल द्वारा की जाए. इस बैठक में मीरा भायंदर नगर निगम अपर आयुक्त संभाजी पानपटे, उपायुक्त संजय शिंदे, चिकित्सा अधक्षक जफर तडवी, रोग कल्याण समिति के सदस्य ओम प्रकाश नंदकिशोर लहणे सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मीरा- भाईदर में होटल्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बने रंजन शेट्टी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। हाल ही में आगामी वर्ष के लिए मीरा-भायंदर होटल्स एसोसिएशन के हुए चुनाव में अध्यक्ष के रूप में रंजन फैमिली रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर रंजन शेट्टी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। वहीं महासचिव के रूप में होटल विजय पंजाब के मालिक प्रशांत पुजारी तथा कोषाध्यक्ष के रूप में अनिल शेट्टी को चुना गया है। गौरतलब है कि, अन्य पदाधिकारियों में भायंदर (पूर्व) उपाध्यक्ष के लिए जीवन शेट्टी, प्रशांत समानी, भाईंदर (पश्चिम) के लिए धीरज शेट्टी, प्रकाश शेट्टी, मीरारोड क्षेत्र के लिए विनीत शेट्टी, संतोष शेट्टी तथा काशीमीरा से हसन नेडारिया व नवीन शेट्टी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। भायंदर ( पूर्व) से महासचिव के रूप में मोहन शेट्टी, भायंदर (पश्चिम) से महासचिव के रूप में चंद्रकांत शेट्टी, मीरारोड से महासचिव के रूप में हरीश शेट्टी तथा काशीमीरा से महासचिव के रूप में प्रसाद शेट्टी को सर्वसम्मति से चुना गया है। उल्लेखनीय है कि, मधुबाला होटल के




संचालक मधुकर शेट्टी पूर्व अध्यक्ष होटल एसोसिएशन व अन्य कमेटी के पदाधिकारियों ने नए अध्यक्ष रंजन शेट्टी समेत सभी नए पदाधिकारियों का शॉल ओढाकर, पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया, शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आशीर्वचन के रूप में साईराज होटल के मालिक रत्नाकर शेट्टी ने विचार व्यक्त किए। मीरा-भायंदर होटल्स एसोसिएशन मीरा- भायंदर व काशीमीरा क्षेत्र में व्याप्त होटल्स मालिकों की पंजीकृत संस्था है। होटल्स एसोसिएशन समय- समय पर होटल व्यवसाय से जुडी समस्याओं का निदान करने का प्रयास करती है, तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, मेडिकल, शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेती है। कोविड काल में एसोसिएशन ने अपने होटल स्टॉफ को हर तरह से सहयोग किया, तथा जनता के लिए भी जहां-तहां जो सहयोग बन पडा किया। होटल्स बिजनेस से जुड़े सैकडों उद्यमी इस पंजीकृत संस्था से जुड़े हैं, और यह मीरा-भायंदर की एकमात्र रेटेटेड होटल्स एसोसिएशन संस्था के रूप में जानी जाती है।

# जुर्माना वसूल रहे धडल्ले से सड़कों की हालत खराब

**जेकेएस संवाददाता**

ठाणे: मुख्यमंत्री के ठाणे में ट्रैफिक पुलिस ने सिग्नल-सिग्नल पर फ्लैश डिप्लोइंग अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस फ्लैश डिप्लोइंग के माध्यम से नियम तोड़नेवाले वाहनचालकों से चुन-चुनकर जुर्माना वसूला जाएगा। लेकिन आम ठाणेकर सवाल कर रहे हैं कि जब जन-जन से जुर्माना वसूला जा रहा है तो सड़कों को क्यों सुधारा नहीं जा रहा ? वहीं आम ठाणेकरों ने सरकार से सड़कों को सुधारने की मांग की है। बता दें कि मुख्यमंत्री के ठाणे शहर में ठाणे मनपा और एमएमआरडीए द्वारा सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने सड़क मरम्मत करनेवाले ठेकेदारों को ३१ मई तक सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण



करने का आदेश दिया था। ३१ मई को बीते अब १५ दिन हो चुके हैं, इसके बावजूद सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे में आम ठाणेकरों को बरसात के मौसम में सड़क की खराब अवस्था के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। हाल ही में ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने फिर से ठेकेदारों को नोटिस भेजकर ४८ घंटे के भीतर सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी है। फ्लैश डिप्लोइंग ट्रैफिक पुलिस की स्पेशल टीम द्वारा की जानेवाली कार्रवाई है। इस कार्रवाई के तहत अचानक किसी भी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों की स्पेशल टीम को भेजकर नियम तोड़नेवाले वाहनचालकों पर कार्रवाई की जाती है। बता दें कि यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवाले चालकों के कारण दुर्घटनाओं की संख्या और मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। जनवरी से मई २०२२ तक पांच महीनों में ठाणे पुलिस आयुक्तालय के ठाणे, भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर में ३५९ दुर्घटनाओं में ९४ लोगों की मौत हो गई। वहीं १९० चालकों को गंभीर चोटें आई हैं। ठाणे ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त डॉ. विनय राठौड़ ने बताया कि कुल १८ यूनिट को फ्लैश डिप्लोइंग के लिए ठाणे में तैनात किया जाएगा। जिन चौराहों पर अधिक ट्रैफिक होती है, उन चौराहों इन टीमों द्वारा गुप्त तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

# शहरवासियों को ट्रेफिक से मिलेगी मुक्ती भायंदर फाटक पर बनेगा नया ब्रिज

भायंदर ।भायंदर फाटक पर पूर्व व पश्चिम को जोड़ने वाले नए पुल को एमएमआरडीए की बैठक में बुधवार को मंजूरी मिल गई।यह ब्रिज गोल्डन नेस्ट सर्कल से शुरू होकर महाराणा प्रताप के पुतला के ऊपर से होते हुए पश्चिम में टेलीफोन एक्सचेंज के पास बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पुतले के आगे जाकर खत्म होगा।इस एलिवेटेड ब्रिज को पहले मेट्रो लाइन निर्माण के साथ बनाए जाने की बात कही गई थी। गोल्डन नेस्ट से भायंदर फाटक के बीच में २-३ पिलर का निर्माण भी शुरू हुआ,लेकिन बीच में ही काम रोक दिया गया। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने बताया कि इस ब्रिज को बनाने के लिए पहले एमएमआरडीए तैयार नहीं था। पिछले ५ साल से वे लगातार प्रयास कर रहे थे।बुधवार को एमएमआरडीए के नए आयुक्त संजय मुखर्जी के साथ हमारी और विधायक गीता जैन की हुई बैठक हुई। जिसमें इस पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी गई।निर्माण पर १०० करोड रुपए का खर्च अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह यह ब्रिज मेट्रो लाइन पर एलिवेटेड सडक़ मार्ग से जुडा होगा।गोल्डन नेस्ट सर्कल के सिग्नल पर बिना रुके वाहनों की आवाजाही सुचारू रहेगी।मालूम हो,मीरा रोड और भायंदर स्टेशन के बीच पूर्व से पश्चिम में वाहनों के आने जाने के लिए एक अंडरपास(जैसल पार्क सबवे) तथा एक उडान पुल है।इसके अलावा मीरा रोड स्टेशन पर नया ब्रिज प्रस्तावित है। फाटक पर नए ब्रिज के बन जाने पर उडान पुल पर ट्राफिक जाम और अन्य किसी अवरोध पर वैकल्पिक नए ब्रिज से पूर्व पश्चिम में वाहन सुचारू रूप से आ जा सकेंगे। बैठक में मेट्रो ९ व ४ के निर्माण में गति लाने,बीएसयूपी आवास योजना के लिए मंजूर कर्ज में से बाकी ११० करोड.मीरा भायंदर मनपा को अदा करने, एमएमआरडीए के मार्फत शहर में बनाई जा रहीं सडक़ों के काम में तेजी लाने, दहिसर चेकनाका से सुभाषचंद्र बोस मैदान के बीच मेट्रो निर्माण मार्ग पर पडे.मलबे हटाने,दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक सुचारू करने, हाईवे पर सर्विस रोड की मानसून से पहले मरम्मत और बाद में सीसी करने पर चर्चा व सहमति हुई।

# सरकारी स्कुलों की खस्ता हालत पर जनता ने उठाया सवाल

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर ।१५ जून से राज्य भर के स्कूल खुल गए।प्रथम दिन विद्यार्थियों के स्वागत के लिए मीरा भायंदर मनपा की तरफ से प्रवेशोत्सव रखा गया था,जिसमें प्रशासक दिलीप ढोले ने नौनिहालों को गुलाब का फूल भेंट किया।उनके साथ शिक्षण अधिकारी सोनाली मातेकर भी थीं। दूसरी तरफ पढाई के लिए विद्यालय तैयार ही नहीं है।कुछ विद्यालय में मरम्मत का काम चल रहा है। मिट्टी- रेत से कमरे पटे पडे. हैं।शौचालय और पैसेज में गंदगी का आलम है। पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि एक तरफ मनपा प्रवेश उत्सव बडे. तामझाम से मनाई।इसकी खबर बढा- चढा कर दी गई थी।दूसरी तरफ स्कूल में कबाडा भरा है।यह हाल भायंदर पश्चिम के सबसे बडे.विद्यालय इमारत का है।जिसमें हिंदी,मराठी,गुजराती और उर्दू माध्यम की कक्षाएं चलती हैं।अग्रवाल ने कहा कि मरम्मत का काम लंबा चलने वाला है।जब ऐसा था तो कम से कम २ मंजिल की मरम्मत का काम छुट्टी के दिनों में पूरा कर लेना चाहिए था और तब तब उसी में सारी कक्षाएं एडजेस्ट कर चलाई जानी चाहिए थी। अग्रवाल ने कहा कि कक्षाओं का हाल ऐसा है कि उसमें बच्चे बैठ नहीं सकते हैं। सीढी पैसेज पर पानी पसरा है। रेत- मिट्टी,कचरा से कमरा पटा हुआ है। एक तरफ मजदूर आ जा रहे है,तो दूसरी तरफ बच्चे।उन्होंने सवाल किया कि जब किसी कार्यक्रम में मंत्री आते हैं, तो समय से पहले वह काम पूरी तरह से चकाचक कर लिया जाता है। जब प्रशासन को मालूम था कि १५ जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है तो उसे विद्यालय चकाचक कर तैयार रखना चाहिए था। जैसल पार्क के निवर्तमान नगरसेवक मदन सिंह ने बताया कि प्रवेशोत्सव में शामिल होने के लिए उन्हें तालाब रोड मनपा विद्यालय में बुलाया गया था।लेकिन वहां की हालत बहुत खराब थी।मरम्मत का काम चल रहा है। मिट्टी- रेत फैली है। कुल मिलाकर आलम यह है कि बच्चे बैठकर पढाई नहीं कर सकते हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा की पुत्री मानसी शर्मा ने किया भाजपा में प्रवेश

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भाईंदर : वरिष्ट पत्रकार रमेश शर्मा की सुपुत्री मानसी शर्मा राजनीति में कदम रखी है। वह मेडिकल की छात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से वह प्रभावित है। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने उन्हें भाजपा में प्रवेश कराया। इस दौरान उपमहापौर हसमुख गहलोत, पूर्व स्थायी समिति सभापति ध्रुवकिशोर पाटील, पूर्व नगरसेवक भगवती शर्मा, पूर्व नगरसेविका प्रभात पाटील मौजूद थी। मानसी ने कहा कि पार्टी उसे जो भी जिम्मेदारी देगी वह उसे बखूबी निभाएगी। गौरतलब है कि मानसी भाईंदर पश्चिम के जय अंबे नगर में रहती है। यह इलाका प्रभाग एक में आता है। पिता रमेश शर्मा एक प्रतिष्ठित पत्रकार है. मानसी ने अभिनव विद्यालय से बीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की। मेडिकल फील्ड में रुचि होने के कारण उसने बीएससी नर्सिंग में प्रवेश ली है, यह उनका द्वितीय



वर्ष है। समाज सेवा में भी रुचि होने के कारण मानसी राजनीति के माध्यम से लोगों की सेवा करना चाहती है मानसी ने कहा कि वह जिस प्रभाग में रहती है, उसमें अनेक समस्याएं है। बच्चों की शिक्षा नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं, सरकारी योजनाओं से लोग वंचित इस तरह की अनेक समस्याओं को वह स्थानीय पार्टी के प्रतिनिधियों व नागरिकों के साथ मिलकर सुलझाने का प्रयत्न करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस युवाओं के आदर्श है, इसलिए अनेक युवक युवतियां भाजपा के साथ जुड.रहे हैं पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसे निष्ठा से निभाऊंगी मै एक सामान्य व पिछडे.समाज से आती हूं शिक्षा पर सबसे अधिक जोर दूंगी। समाज शिक्षित और संगठित कैसे बने ? इस पर काम करने का प्रयत्न करूंगी । राजनीति के माध्यम से समाज सेवा करूंगी साथ ही अपनी मेडिकल की पढाई भी जारी रखूंगी। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उस पर एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह काम करूंगी।

# सभी स्कूलों में बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: मीरा भायंदर महानगरपालिका सीमा अंतर्गत सभी स्कूलों में ही अब विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाए और सामयिक अपडेट किए जायेंगे। इसके लिए मनपा प्रशासन विशेष अभियान चलाएगी और सभी स्कूलों में आधार कार्ड बनाने के शिविर आयोजित की जायेगी। मीरा-भायंदर में कई छात्रों के आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाए हैं अथवा अपडेट नहीं हो पाए हैं। इसके मद्देनजर हाल ही में शहर के सभी स्कूलों में आधार कार्ड शिविर आयोजित करने के लिए स्कूल के संचालकों एवं प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गयी थी। इस बैठक में स्कूल के सभी विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाने संबंधी कागज पत्र तैयार रखने का निर्देश मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे ने दिया है। प्रत्येक नागरिक को सभी कार्यों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। छात्रों को भी स्कूल में प्रवेश (एडमिशन) सहित सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड बनाना आवश्यक है। इसको ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मीरा-भायंदर में छह महीने पहले आधार कार्ड वाले छात्रों की संख्या महज अठारह प्रतिशत बताई जा रही है। सभी विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाया जा सके इसके लिए यह विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। आगामी ६ माह में शहर के प्रत्येक स्कूल के सभी विद्यार्थियों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI